कन्या सुमंगला योजना के विषय में स्नातक छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यक्रम मे जागरूक किया गया ।

जानकारी के अनुसार 13 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र व जिला समन्वयक दीपिका तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र ने सभी का आह्वान किया कि इस योजना का लाभ उठाकर छात्राएं अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील शुक्ला ने सभी का स्वागत किया। डॉ वंदना सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीपिका तिवारी व विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र डॉ दिनेश मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ध्यन रत छात्राएं उपस्थित रहीं।

एमएलके पीजी कॉलेज में कन्या सुमंगला कैंप आयोजित कर दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सोमवार को एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया। सुनील कुमार शुक्ल प्रवक्ता मनोविज्ञान एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत समस्त श्रेणियों के पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें 11 पात्र बालिकाओं के आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान डॉ दिनेश मौर्य प्रवक्ता शिक्षा शास्त्र, डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता मनोविज्ञान, श्रीमती दीपिका तिवारी जिला समन्वयक, छात्राएं व अन्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही साथ लालता प्रसाद महाविद्यालय श्रीदत्तगंज में 2 लाभार्थी, दीप नारायण सिंह महाविद्यालय तुलसीपुर में 1 लाभार्थी एवं राजकीय महाविद्यालय पचपेड़वा में 1 लाभार्थी, इस प्रकार कुल 15 लाभार्थी का आवेदन प्राप्त हुआ।